# धोलावड़ में मोटर पंप खराब, टंकियां नहीं भरीं

## स्टेशन रोड, जावरा फाटक में शाम को आपूर्ति

भास्कर संवाददाता | रतलाम

धोलावड़ में मोटर पंप खराब होने से सोमवार को शहर की जलप्रदाय व्यवस्था गड़बड़ा गई। इससे पानी की टंकियां नहीं भर पाईं और लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा।

पानी सप्लाई का समय सुबह 6 बजे का है। लेकिन सुबह 9 बजे तक लोग इंतजार करते रहे लेकिन नलों में पानी नहीं आया। इसके बाद 9 बजे अनाउंसमेंट हुआ कि पानी सप्लाई शाम को होगा। शाम 7 बजे नलों में पानी आया। स्टेशन रोड, महावीर नगर, जावरा फाटक सहित शहर के कई इलाकों के लोगों ने दिनभर पानी का इंतजार किया। जनशक्ति के संयोजक राधावल्लभ खंडेलवाल ने बताया अभी तो गर्मी की शुरुआत हुई है कि शहर में पानी की समस्या शुरू हो गई है। सुबह नलों में पानी नहीं आया। नगर निगम की लापरवाही तो देखो तीन घंटे बाद अनाउंसमेंट किया और वो भी धीमी आवाज में। इससे कई लोगों को तो पता भी नहीं चल पाया। नगर निगम को जल सप्लाई व्यवस्था सुधारना चाहिए। यदि अभी से ध्यान नहीं दिया तो फिर आगामी दिनों में जलसंकट और बढ़ सकता है।

भास्कर

# प्रदेश का बजट आज

## 2024 तक 1 करोड़ 3 लाख घरों तक नल के जरिए जल पहुंचाएंगे

भोपाल | वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा मंगलवार को विधानसभा में राज्य का बजट पेश करेंगे। इस बार का



बजट 2 लाख 40 हजार करोड़ रु. का होना अनुमानित है। इसमें प्रदेश के 1 करोड़ 3 लाख घरों तक नल के जरिए जल पहुंचाने के लिए राशि की घोषणा की जाएगी। यह योजना आम चुनाव के पहले 2024 तक पूरी होना है। सरकार बजट भाषण में 2365 नई गोशालाएं खोलने का ऐलान कर सकती है। अभी 963 गोशालाएं बन चुकी हैं। आत्म निर्भर मध्यप्रदेश के तहत राज्य सरकार को 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद मिलना है। भास्कर

## वार्डवार पर्यवेक्षकों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में करवाया सफाई का कार्य, स्वच्छता कार्य में नियुक्त वार्डवार पर्यवेक्षक अपने-अपने वार्डो में प्रतिदिन भ्रमण करें

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों अपने-अपने वार्डो में सफाई कार्य हेतु पर्यवेक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार किया जाकर प्रतिदिन के पर्यवेक्षण कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में दी जाकर स्वच्छता संबंधी कार्य करवाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार वार्डवार नियुक्त पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने वार्ड में भ्रमण कर जानकारी प्रस्तुत की जिसके तहत वार्ड 6 व 7 के कचरा संग्रहण वाहन के हैल्पर उपस्थित नहीं पाये गये। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 6 मार्निंग स्टार स्कूल के सामने नालियों की सफाई करवाये जाने के साथ वार्ड क्रमांक 5 में नाले की सफाई का कार्य करवाया गया। इसके अलावा आबकारी चौहारा के पास नाले का जाम खोला गया व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की बाउण्ड्रीवॉल के आसपास सफाई का कार्य करवाया गया। वार्ड क्रमांक 5 इन्द्रलोक नगर मुख्य मार्ग की सफाई के साथ ही वार्ड क्रमांक 44 सैफी मोहल्ला में भी सफाई का कार्य करवाया गया। इसी तरह नयापुरा में अतिक्रमण हटाकर करवाई व वार्ड क्रमांक 6 विरणुपरी मंर कीटनाशक दवा छिड़काव किये जाने के अलावा जवाहर नगर सी कालोनी की सफाई, धान मण्डी देवीसिंह की गली की सफाई व वरदान नगर में नाली की सफाई का कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा करवाया गया। अलकापुरी स्थित सुलभ काम्पलेक्स के आसपास व भारत माता उद्यान के अलावा ब्राम्हणों के वास में सफाई करवाई गई।

## निगम आयुक्त द्वारा त्रिपोलिया गेट दीनदयाल रसोई केन्द्र व डोंगरे नगर कम्यूनिटी हॉल का निरीक्षण



रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने डोंगरे नगर स्थित नवनिर्मित कम्यूनिटी हॉल व त्रिपोलिया गेट स्थित दीनदयाल रसोई केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। त्रिपोलिया गेट स्थित दीनदयाल रसोई केन्द्र के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि रसोई केन्द्र में भोजन करने आने वाले जरूरतमंद, गरीब व निर्धन व्यक्तियों किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये साथ ही रसोई केन्द्र का शेष कार्य पूर्ण करने के साथ ही साफ-सफाई रखी जाये। इसके अलावा डोंगरे नगर स्थित नवनिर्मित कम्यूनिटी हॉल के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि कम्यूनिटी हॉल का लोकार्पण किया जाना है इस हेतु कम्यूनिटी हॉल व परिसर की पर्याप्त सफाई का कार्य किया जाये। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुश्री दीक्षा निजामपुरकर आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा संतुष्टिपूर्वक करें समाधान

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का जल्द करें निराकरण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. कलेक्टर सभाकक्ष में सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायत सहित गेहूं उपार्जन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड की अध्यक्षता में हुई बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले में विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों का सन्तुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने जिले में 100 दिन से अधिक और 300 दिन से अधिक लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने को कहा। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाईन एंट्रीब्युट तथा जनसुनवाई के प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन शुरू करने के लिए आवश्यकतानुसार सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे द्वारा 'आयुष्मान आपके द्वार' कार्यक्रम अंतर्गत हितग्राहियों के 1 से 31 मार्च तक निःशुल्क कार्ड बनवाने के बारे में जानकारी दी गई।

## अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

कलेक्टर ने आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के लिए सीईओ जिला पंचायत को जिला नोडल अधिकारी, अनुभाग के लिए एसडीएम को नोडल अधिकारी, संबंधित जनपद पंचायत के लिए सीईओ जनपद को नोडल अधिकारी तथा ग्राम पंचायत के लिए पंचायत सचिव को नोडल अधिकारी के रूप में नामांकित करने के निर्देश दिए।

## इन्हें भी सौंपी जिम्मेदारी

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले में शेष रहे हितग्राहियों के लिए ग्राम स्तरीय शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क कार्ड प्रदान किए जाए। ग्राम स्तर के एएनएम, आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, स्वास्थ्य सुपरवाइजर, हितग्राहियों को समग्र आईडी तथा आधार कार्ड लेकर बुलाएं और कार्ड बनाकर वितरित किए जाए। कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए।

## रोजगार मेला 5 मार्च को

रतलाम. जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेले का आयोजन 5 मार्च को विधायक सभागृह बरबड रोड पर आयोजित किया जाएगा। मेले में लगभग 15 से 20 निजी क्षेत्र कम्पनियों के प्रतिनिधि नियमित पदों पर भर्ती करेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रदेश एवं देश की ख्याति प्राप्त कम्पनियों द्वारा मशीन आपरेटर, सेल्स एक्जुक्टिव, वर्कर, हैल्पर, सुपरवाईजर एवं सेल्स मैनेजर आदि अनेक पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण से स्नातक, आयु 18 से 30 वर्ष तक रहेगी।

पत्रिका।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 07 दिनांक 01/03/2021

# 11 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन कर 9 किलो पॉलीथीन जब्त

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रूट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते है तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता जो कि गंदगी कर रहे थे व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग कर रहे थे उन पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत अरूण पर 500, महावीर व खोजापा भाई पर 250-250, आशीश, रवि, राधेश्याम, लक्की किराना, प्रकाश, अली असगर व एक अन्य पर 100 व राधाबाई पर 50 रूपये का जुर्माना कर भविश्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई व लगभग 9 किलो पॉलीथीन जब्त की गई। नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें।

इन्दौर-1

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 02 दिनांक 02/03/2021






## डोंगरे नगर में 21.37 लाख रुपए से निर्मित कम्युनिटी हॉल के लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद ने कहा...

# रतलाम को महानगर बनाने में स्वच्छता की अहम भूमिका है

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

हम नगर से महानगर की ओर बढ़ रहे है विकास कार्यों की गति तेज हुई है, और यहां महानगर की तर्ज पर ही कार्य भी किए जा रहे है। मगर महानगर बनते इस शहर में रहने वालों के भी अपने कर्तव्य और फर्ज है। यहां के हर नागरिक को विकास कार्यों के साथ ही स्वच्छ॥ पर ध्यान देना चाहिए ताकि रतलाम शहर का नाम स्वच्छता के मामले में भी उन महानगरों को चुनौति दे सके जो हमसे स्वच्छता की दौड़ में देश में आगे चल रहे हैं।

उक्त विचार रतलाम-झाबुआ संसदीय क्षेत्र के सांसद गुमानसिंह डामोर ने रविवार को शहर के डोंगरे नगर क्षेत्र में नवनिर्मित कम्युनिटी हाल के लोकार्पण समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। 21.37 लाख की लागत से निर्मित इस कम्युनिटी हॉल के लोकापर्ण समारोह में नगर विधायक चेतन्य काश्यप, भारतीय जनता पार्टी के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा आदि उपस्थित रहे।

## हर वर्ग के लिए उपयोगी

इस मौके पर विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने कहा कि शहर के कई इलाकों में निर्मित किए गए मांगलिक भवनों के कारण आमजन को काफी सहूलियत हुई है। कई क्षेत्रों के लोगों को अब मोटी रकम अन्य मैरिज गार्डनों और मांगलिक भवनों पर खर्च नहीं करना पड़ेगी। हमारा प्रयास है कि रतलाम शहर के हर वार्ड में ऐसे भवन बनाए जाएंगे जो भवन हर वर्ग के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। श्री काश्यप ने कहा कि रतलाम के चौमुखी विकास के लिए किसी तरह की कसर नही छोड़ी जा रही है। सीवरेज कार्य अंतिम चरण में है और शहर में गंदे पानी की समस्या का समुचित रुप से हल हो रहा है। उन्होने कहा कि हमे भविष्य के रतलाम का निर्माण कर रहे है। 1800 हेक्टयर भूमि पर औधीगिक पार्क का निर्माण होगा; यहां रीजनल एयरपोर्ट बनेगा, आने वाले दिनों अवैध कालोनियों को वैध कराने की प्रक्रिया भी शुरु की जा रही है। हमारा प्रयास है कि रतलाम को महानगर की श्रेणी में लाकर इसे खूबसूरत शहर बनाया जाए।

समारोह में मौजूद भाजपा के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी ने कहा कि शहर में विकास की गंगा बहे और नागरिक इस शहर को स्व%छ और सुंदर बनाए। भाजपा के कार्यकाल में अनेकों जनहितैषी योजनाएं चल रही है और इन योजनाओं का भरपूर लाभ आमजन को दिया जा रहा है। रतलाम शहर में मांगलिक भवनों के निर्माण से आमजन को काफी सुविधा होगी। अतिथियों का स्वागत पूर्व पार्षद मनीषा मनोज शर्मा, आयुक्त सोमनाथ झारिया, संतोष मालपानी, प्रफुल्ल पंवार, विजय, सुरेश पुरोहित, राजेन्द सिंह, मयूर पुरोहित, बाबूलाल, हितेश जैन आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया और आभार मयूर पुरोहित ने माना।

लोकार्पण अवसर पर भाजपा नेता बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल,प्रदीप उपाध्याय, अनिता कटारिया, प्रवीण सोनी, पवन सोमानी, प्रहलाद पटेट, संतोष पोरवाल,दिनेश शर्मा, आदित्य डागा, गोविन्द काकानी, अनिता कटारा, ललिता पंवार, सत्यदीप भट्ट आदि उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

2/7

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ 06 दिनांक 02/03/2021

# अनुपस्थित 28 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

## कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

**प्रसारण न्यूज़** • रतलाम

नगर के विभिन्न वार्डों के सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान 28 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारियां के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान मनीष-मुकेश, विमला-बाबुलाल, विष्णुबाई-मुकेश, राजबाई-राजेन्द्र, श्रद्धाबाई-दिनेश, मीनाबाई-मनोज वार्ड क्रमांक 1, जितेन्द्र-छोटेलाल वार्ड क्रमांक 2, श्रवण-भरत, मिथुन-जगदीश, मनोज-देवकरण वार्ड क्रमांक 3, भारती-विमलेश वार्ड क्रमांक 4, रेखा-महादेव, मुकेश-लालाराम वार्ड क्रमांक 5, ऋषि-मोहनलाल वार्ड क्रमांक 6, पंकज-चत्तरपाल, सतीश-राजेन्द्र, अर्जुन-राजेश वार्ड क्रमांक 8, इन्दर-मनोहर, हरिओम-मनोहर वार्ड क्रमांक 9, राकेश-अशोक, विशाल-मुकेश वार्ड क्रमांक 13, अजय-बाबुलाल वार्ड क्रमांक 16, लोकेश-दिनेश वार्ड क्रमांक 20, प्रशांत-महेश वार्ड क्रमांक 22, सन्नी-जगदीश, रोहित-प्रभुलाल, सरस्वती-धनराज, लता-प्रभुलाल वार्ड क्रमांक 29, पुष्पेन्द्र-दिनेश वार्ड क्रमांक 44 द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

प्रसारण

# अनुपस्थित 28 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। नगर के विभिन्न वार्डों के सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान 28 सफाई संरक्षकों के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान मनीष-मुकेश, विमला-बाबूलाल, विष्णुबाई-मुकेश, राजबाई-राजेंद्र, श्रद्धाबाई-दिनेश, मीनाबाई-मनोज वार्ड क्रमांक-एक, जितेंद्र-छोटेलाल वार्ड क्रमांक-दो, श्रवण-भरत, मिथुन-जगदीश, मनोज-देवकरण वार्ड क्रमांक-तीन, भारती-विमलेश वार्ड क्रमांक-चार, रेखा-महादेव, मुकेश-लालाराम वार्ड क्रमांक-पांच, ऋषि-मोहनलाल वार्ड क्रमांक-छह, पंकज-चत्तरपाल, सतीश-राजेंद्र, अर्जुन-राजेश वार्ड आठ, इंदर-मनोहर, हरिओम-मनोहर वार्ड नौ, राकेश-अशोक, विशाल-मुकेश वार्ड 13, अजय-बाबूलाल वार्ड 16, लोकेश-दिनेश वार्ड 20, प्रशांत-महेश वार्ड 22, सन्नी-जगदीश, रोहित-प्रभुलाल, सरस्वती-धनराज, लता-प्रभुलाल वार्ड 29, पुष्पेंद्र-दिनेश वार्ड 44 का कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा गया। नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ ..11...दिनांक.02/03/2021

# सीएम हेल्पलाइन में संतुष्टिपूर्वक करें निराकरण

रतलाम। जिले में विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने जिले में सौ दिन से अधिक और तीन सौ दिन से अधिक लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने को कहा।

कलेक्टर द्वारा गेहूं उपार्जन कार्य को प्रारंभ करने के लिए आवश्यकतानुसार सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे द्वारा आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत हितग्राहियों के एक मार्च से 31 मार्च तक निशुल्क कार्ड बनवाने के बारे में जानकारी दी गई।


कलेक्टर ने आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के लिए सीईओ जिला पंचायत को जिला नोडल अधिकारी, अनुभाग के लिए एसडीएम को नोडल अधिकारी, संबंधित जनपद पंचायत के लिए सीईओ जनपद को नोडल अधिकारी तथा ग्राम पंचायत के लिए पंचायत सचिव को नोडल अधिकारी के रूप में नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में शेष रहे हितग्राहियों के लिए ग्राम स्तरीय शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को निशुल्क कार्ड प्रदान किए जाएं। नईदुनिया

# सीवरेज प्रोजेक्ट का असर, शहर के कई ईलाकों की नालियां सूखी, गन्दगी और बदबू से मिली निजात

**रतलाम। दिलीप नगर, अर्जुन नगर, अशोक नगर जैसे शहर के कई इलाकों में गंदगी और बदबू से भरी रहने वाली नालियां अब सूख चुकी है। इन नालियों में अब गंदगी की जगह सीवरेज प्रोजेक्ट की पाइप लाइन है और घरों से निकलने वाली सारी गंदगी इन पाईपों के जरिये आगे पंहुच रही है। हांलाकि इन पाइप लाइनों को आगे जाकर नालों में ही छोडा जा रहा है, लेकिन जल्दी ही इन सभी पाइप लाइनों को एसटीपी प्लान्ट्स से जोड दिया जाएगा।**

शहर में शुरु हुए सीवरेज प्रोजेक्ट का शुरुआती असर अब नजर आने लगा है। शहर के महावीर नगर,नयागांव,इन्द्रलोक नगर,वीरीयाखेडी,विनोबा नगर,दिलीप नगर सिलावटों का वास,हिम्मत नगर और ओसवाल नगर जैसे इलाकों के तमाम घरों को सीवरेज लाइन से जोडा जा चुका है। शहर में कुल 43273 घरों में से सौलह हजार से अधिक घरों को अब तक सीवरेज प्रोजेक्ट से जोड दिया गया है।

इन सभी इलाकों में रहने वाले नागरिकों को अब नालियों की गंदगी और बदबू से छुटकारा मिल गया है। नालियां जाम होने जैसी समस्याएं तो खत्म हुई ही है,नालियों में गंदगी समाप्त होने से अब मच्छर आदि की समस्या भी समाप्त हो गई है। सीवरेज प्रोजेक्ट व्यवस्थित ढंग से पूरा हो जाने के बाद शहर की नालियों और बडे नालों में गंदा पानी और गंदगी बहना पूरी तरह से खत्म हो जाएगा और नालियों व नालों में सिर्फ बरसात का पानी बहेगा। नालियों और नालों की साफ सफाई भी बीतें दिनों की बातें हो जाएगी। रतलाम अमृत योजना के तहत प्रारंभ किए गए सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में मानिटरिंग एजेंसी वेपकोस के अधिकारियों ने बताया कि 136.67 करोड लागत के सीवरेज प्रोजेक्ट में अब तक करीब 87 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। शहर में डलने वाली कुल 273 किमी पाइप लाइन में से 256 किमी लाइन डली जा चुकी है। इसी तरह घरों को जोडने वाली कुल 216 किमी लाइन में से 213 किमी लाइन डली जा चुकी है। शहर में दो एसटीपी प्लान्ट और पांच पम्पिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे है। इनमें से करमदी में 21 एमएलडी और खेतलपुर में16 एमएलडी क्षमता का एसटीपी प्लान्ट होगा। एसटीपी प्लान्ट का भी 82 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देश दिए कि सीवरेज प्रोजेक्ट का काम 30 जून तक पूरा कर लिया जाना चाहिए। सीवरेज प्रोजेक्ट के काम में लगी वेपकोस कंपनी के इंजीनियरों ने बताया कि 30 जून की समयावधि में सीवरेज प्रोजेक्ट को प्रारंभ कर दिया जाएगा।



इन्दौर-1

# खुले में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करेंगे निगम के लठैत

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर को सफाई की परीक्षा में अव्वल रखने के लिए संसाधनों को बढ़ाने के साथ ही नगर निगम प्रशासन अब गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती भी कर रहा है। मोहल्ले, कालोनी और सार्वजनिक आदि स्थानों पर सुबह जल्दी या रात के अंधेरे में कचरे के ढेले व थैलियां फेंकने वालो के विरुद्ध दर्जन भर से ज्यादा लठैत (लाठी वाले कर्मचारी) तैनात किए जा रहे हैं।

सोमवार को निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने शहर के 49 वार्डों के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर निर्देशित किया कि हर घर से कचरा उठवाकर समुचित निष्टान करवाया जाए। इसके बाद भी अगर कोई व्यक्ति अपनी दुकान या मकान के बाहर कचरा फैंकता है तो स्पाट फाइन वसूलने वाला उड़नदस्ता 24 घंटे मुस्तैद रहे।

बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण दल के आने के पहले अब निगम का अमला पुलिस प्रशासन की तरह कार्य करेगा। स्वच्छता अभियान में तैनात पर्यवेक्षकों निर्देशित किया गया कि मेन पावर और मशीनरी पावर का नियमानुसार उपयोग कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ें। घर, दुकानों के बाहर व नालियों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना करने के लिये स्पाटफाइन उड़न दस्ता गठित किया गया है जो प्रात: 5 से रात 12 बजे तक शहर की सड़कों पर रहेंगे। ये सभी नगर निगम की गणवेश में रहेंगे और इनके वाहनों में सायरन की सुविधाएं भी रहेंगी। बैठक में लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षक, स्पाट फाइन दल सहित स्वच्छता से जुड़े निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। नईदुनिया

**सख्ती**

- शहर में स्पाट फाइन के लिए घूमेगा उड़नदस्ता
- पुलिस की तर्ज पर काम करेगा निगम

**हर जोन पर रहेगा वार्ड का चार्ट :** इसी तरह शहर के सभी वार्डों में पुलिस विभाग की तरह हर गली, हर मोहल्ला, हर कालोनी, सड़क आदि का रुट चार्ट तैयार कराया गया है। ये रुट चार्ट हर जोन कार्यालय पर रहेगा। इस रुट चार्ट में कचरा संग्रहण वाहन चालक व हेल्पर, सड़कों की सफाई करने वाले आदि की जानकारी रहेगी। बैठक के दौरान वेस्ट लोकेशन को लेकर भी रणनीति तैयार की गई है। इसके साथ ही अस्थायी कचरा स्थलों को समाप्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को दिए गए हैं।

**कभी भी आ सकता है निरीक्षण दल :** मालूम हो कि कोरोना संक्रमण के कारण इस बार निकायों में फील्ड सर्वे जनवरी की बजाय एक मार्च से 28 मार्च तक किया जा रहा है। हालांकि सिटीजन वाइस के अंतर्गत फीडबैक लेने की प्रक्रिया 4 जनवरी से शुरू हो गई है जो 28 मार्च तक चलेगी। इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण 6000 अंक का होगा, लेकिन इसमें आमजन से मिलने वाले फीडबैक को प्राथमिकता दी जाएगी। पिछली बार चार हिस्सों में 25-25 प्रतिशत अंक थे, इस साल तीन हिस्सों अंक रहेंगे। एक भाग 40 प्रतिशत का जबकि दो भाग 30-30 प्रतिशत अंक के होंगे। सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत (2400) रहेंगी। निगम को घर-घर से गीला-सूखा कचरा अलग-अलग कलेक्शन करना, नष्टीकरण या रियूज को लेकर सभी इंतजाम करना होंगे।

# नागरिक भी गंदगी करने वालो की सूचना दल को दे सकेंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में, नाले-नालियों में कचरा डालते है व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय, उपयोग व भण्डारण करते है उन पर जुर्माना किये जाने के लए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दल का गठन कर स्पॉट फाईन हेतु वाहन भी उपलब्ध कराया है। इतना ही नहीं, पहली बार गंदगी करने वालों की शिकायत करने के लिए मोबाइल नंबर आमजन के लिए जारी किए गए है। इन नंबर पर शिकायत करने पर जो मोहल्ला गंदा करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त विकास सोलंकी ने बताया कि गठित दल में विराट मेहरा उप स्वच्छता पर्यवेक्षक मोबाइल नंबर 9770326691 को दल प्रभारी नियुक्त किया है। इसके अलावा मनोज टांक मोबाइल नंबर 7000848456, पवन झांझोट मोबाइल नंबर 7000128812, आकाश शिन्दे, मनोज झांझोट, राकेश ललावत



दल प्रभारी के साथ रहकर नगर में नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में, नाले-नालियों में कचरा डालते है व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय, उपयोग व भण्डारण करते है उन पर जुर्माना करेंगे व जो दुकानदार जुर्माने के बाद भी निरंतर गंदगी करते है उनकी दुकाने सील करने की कार्यवाही करेंगे।

हमारी आमजन से अपील है कि वे शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी उक्त जारी किए गए मोबाईल नम्बरों पर देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

# वार्डवार पर्यवेक्षकों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में करवाया सफाई का कार्य

प्रसारण न्यूज • रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों अपने-अपने वार्डों में सफाई कार्य हेतु पर्यवेक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार किया जाकर प्रतिदिन के पर्यवेक्षण कार्य की रिपोर्ट वाट्स एप ग्रुप में दी जाकर स्वच्छता संबंधी कार्य करवाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार वार्डवार नियुक्त पर्यवेक्षकों ने अपने- अपने वार्ड में भ्रमण कर जानकारी प्रस्तुत की जिसके तहत वार्ड 6 व 7 के कचरा संग्रहण वाहन के हैल्पर उपस्थित नहीं पाये गये। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 6 मार्निंग स्टार स्कूल के सामने नालियों की सफाई करवाये जाने के साथ वार्ड क्रमांक 5 में नाले की सफाई का कार्य करवाया गया। इसके अलावा आबकारी चौहारा के पास नाले का जाम खोला गया व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की बाउण्ड्रीवॉल के आसपास सफाई का कार्य करवाया गया। वार्ड क्रमांक 5 इन्द्रलोक नगर मुख्य मार्ग की सफाई के साथ ही वार्ड क्रमांक 44 सैफी मोहल्ला में भी सफाई का कार्य करवाया गया। इसी तरह नयापुरा में अतिक्रमण हटाकर करवाई व वार्ड क्रमांक 6 विष्णुपुरी मंर कीटनाशक दवा छिड़काव किये जाने के अलावा जवाहर नगर सी कालोनी की सफाई, धान मण्डी दैवीसिंह की गली की सफाई व वरदान नगर में नाली की सफाई का कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा करवाया गया। अलकापुरी स्थित सुलभ काम्पलेक्स के आसपास व भारत माता उद्यान के अलावा ब्राम्हणों के वास में सफाई करवाई गई। प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण/पत्रिका पृष्ठ 12 दिनांक 02/03/2021

# सीएम हेल्पलाईन अंतर्गत लंबित प्रकरणों में संतुष्टिपूर्वक समाधान करें : कलेक्टर

**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**



कलेक्टर गोपालचंद्र डाड की अध्यक्षता में समयसीमा समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर द्वारा जिले में विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जिले में सौ दिन से अधिक और तीन सौ दिन से अधिक लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने को कहा। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाईन एट्रीब्यूट तथा जनसुनवाई के प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर द्वारा गेहूं उपार्जन कार्य को प्रारंभ करने के लिए आवश्यकतानुसार सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे द्वारा 'आयुष्मान आपके द्वार' कार्यक्रम अंतर्गत हितग्राहियों के 1 मार्च से 31 मार्च तक निःशुल्क कार्ड बनवाने के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री डाड ने आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के लिए सीईओ जिला पंचायत को जिला नोडल अधिकारी, अनुभाग के लिए एसडीएम को नोडल अधिकारी, संबंधित जनपद पंचायत के लिए सीईओ जनपद को नोडल अधिकारी तथा ग्राम पंचायत के लिए पंचायत सचिव को नोडल अधिकारी के रूप में नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में शेष रहे हितग्राहियों के लिए ग्राम स्तरीय शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क कार्ड प्रदान किए जाए। ग्राम स्तर के एएनएम, आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, स्वास्थ्य सुपरवाइजर, हितग्राहियों को समग्र आईडी तथा आधार कार्ड लेकर बुलाएं और कार्ड बनाकर वितरित किए जाए। कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए।

प्रसारण

# 21.37 लाख रुपए से निर्मित कम्युनिटी हॉल का सांसद द्वारा लोकार्पण

## हर वार्ड में ऐसे कम्युनिटी हाल बनाए जाएंगे - काश्यप

रतलाम ● स्वदेश समाचार

हम नगर से महानगर की ओर बढ़ रहे है विकास कार्यों की गति तेज हुई है और यहां महानगर की तर्ज पर ही कार्य भी किए जा रहे हैं। मगर महानगर बनते इस शहर में रहने वालों के भी अपने कर्तव्य और फर्ज है। यहां के हर नागरिक को विकास कार्यों के साथ ही स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए ताकि रतलाम शहर का नाम स्वच्छता के मामले में भी उन महानगरों को चुनौती दे सके जो हमसे स्वच्छता की दौड़ में देश में आगे चल रहे हैं।

उक्त विचार सांसद गुमानसिंह डामोर ने डोंगरे नगर क्षेत्र में 21.37 लाख की लागत से निर्मित कम्युनिटी हाल के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए। विधायक चेतन्य काश्यप, भारतीय जनता



पार्टी के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा आदि उपस्थित रहे। श्री काश्यप ने कहा कि शहर के कई इलाकों में निर्मित किए गए मांगलिक भवनों के कारण आमजन को काफी सहूलियत हुई है। कई क्षेत्रों के लोगों को अब मोटी रकम अन्य मैरिज गार्डनों और मांगलिक भवनों पर खर्च नहीं करना पड़ेगी। हमारा प्रयास है कि रतलाम शहर के हर वार्ड में ऐसे भवन बनाए जाएंगे जो भवन हर वर्ग के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

भाजपा के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी ने कहा कि शहर में विकास की गंगा बहे और नागरिक इस शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए। भाजपा के कार्यकाल में अनेकों जनहितैषी योजनाएं चल रही है और इन योजनाओं का भरपूर लाभ आमजन को दिया जा रहा है। रतलाम शहर में मांगलिक भवनों के निर्माण से आमजन को काफी सुविधा होगी।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए शहर में निर्मित किए जा रहे मांगलिक भवनों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की भी सिलसिलेवार जानकारी दी।

वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहां कि इस क्षेत्र के बहुत समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए मांगलिक भवन का निर्माण किया गया है। अब यहां रियायती दरों पर नागरिकों को मांगलिक और सामाजिक कार्यक्रम हो सकेंगे। संचालन मनोज शर्मा ने किया और आभार मयूर पुरोहित ने माना। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। स्वदेश

महानगर बनाने में स्वच्छता की अहम भूमिका

# डोंगरे नगर में 21.37 लाख रुपए लागत से निर्मित कम्युनिटी हॉल का लोकार्पण




रतलाम. हम नगर से महानगर की ओर बढ़ रहे विकास कार्यों की गति तेज हुई है, और यहां महानगर की तर्ज पर ही कार्य भी किए जा रहे हैं। मगर महानगर बनते इस शहर में रहने वालों के भी अपने कर्तव्य और फर्ज है। यहां के हर नागरिक को विकास कार्यों के साथ ही स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए ताकि शहर का नाम स्वच्छता के मामले में भी उन महानगरों को चुनौति दे सके जो हमसे स्वच्छता की दौड़ में देश में आगे चल रहे है।


यह बात रतलाम संसदीय क्षेत्र के सांसद गुमानसिंह डामोर ने शहर के डोंगरे नगर क्षेत्र में नवनिर्मित कम्युनिटी हाल के लोकापर्ण समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। 21.37 लाख की लागत से निर्मित इस कम्युनिटी हॉल के लोकापर्ण समारोह में विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा आदि उपस्थित रहे।

विधायक काश्यप ने कहा कि शहर के कई इलाकों में निर्मित किए गए मांगलिक भवनों के कारण आमजन को काफी सहुलियत हुई है। हमारा प्रयास है कि रतलाम शहर के हर वार्ड में ऐसे भवन बनाए जाएगे जो भवन हर वर्ग के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। प्रदेश महामंत्री सबनानी ने कहा कि शहर में विकास की गंगा बहे और नागरिक इस शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शहर में निर्मित किए जा रहे मांगलिक भवनों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की भी सिलसिलेवार जानकारी दी। वार्ड की पूर्व पार्षद मनीषा शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र के बहुत समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए मांगलिक भवन का निर्माण किया गया है। संचालन मनोज शर्मा ने किया और आभार मयूर पुरोहित ने माना। भाजपा नेता बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अनिता कटारिया, प्रवीण सोनी, पवन सोमानी, प्रहलाद पटेल, संतोष पोरवाल आदि उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भैंट किए गए। पत्रिका।

डोंगरे नगर में 21.37 लाख की लागत के कम्युनिटी हाल का लोकार्पण

# रतलाम को महानगर बनाने में स्वच्छता की अहम भूमिका

नईदुनिया



फीता काटकर कम्युनिटी हाल का लोकार्पण करते हुए सांसद गुमानसिंह डामोर। • नईदुनिया

**रतलाम।** हम नगर से महानगर की ओर बढ़ रहे हैं। विकास कार्यों की गति तेज हुई है और यहां महानगर की तर्ज पर ही कार्य किए जा रहे हैं। महानगर बनते इस शहर में रहने वालों के भी अपने कर्तव्य और फर्ज है। यहां के हर नागरिक को विकास कार्यों के साथ ही स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए।

यह बात सांसद गुमानसिंह डामोर ने डोंगरे नगर क्षेत्र में नवनिर्मित कम्युनिटी हाल के लोकार्पण समारोह में कह। 21.37 लाख की लागत से निर्मित कम्युनिटी हाल के लोकार्पण समारोह में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, भाजपा के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा आदि उपस्थित रहे। भाजपा के प्रादेशिक नेता भगवानदास सबनानी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व वार्ड पार्षद मनीषा शर्मा ने भी विचार रखे। अतिथियों का स्वागत पूर्व पार्षद मनीषा मनोज शर्मा, आयुक्त सोमनाथ झारिया, संतोष मालपानी, प्रफुल्ल पंवार, विजय, सुरेश पुरोहित, राजेंद्रसिंह, मयूर पुरोहित, बाबूलाल, हितेश जैन आदि ने किया। भाजपा नेता बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अनिता कटारिया, प्रवीण सोनी, पवन सोमानी, प्रहलाद पटेल, संतोष पोरवाल, दिनेश शर्मा, आदित्य डागा, गोविंद काकानी, अनिता कटारा, ललिता पंवार, सत्यदीप भट्ट आदि उपस्थित रहे। संचालन मनोज शर्मा ने किया। आभार मयूर पुरोहित ने माना।